CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

वर्ष- 28 अंक- 242 रायपुर, गुरुवार 25 सितम्बर 2025 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## दसवीं-बारहवीं की परीक्षा 17 फरवरी से पहली बार 10वीं की परीक्षा साल में दो बार




सीबीएसई परीक्षा

**रायपुर,** 25 सितंबर (हाईवे चैनल)। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं की तिथियां घोषित कर दी हैं। सीबीएसई परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने बताया कि कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा पहली बार एक ही शैक्षणिक सत्र में दो बार आयोजित की जाएगी। पहली परीक्षा की संभावना 17 फरवरी से 6 मार्च, 2026 तक है। दूसरी परीक्षा की संभावना 15 मई से 1 जून, 2026 तक है। वहीं, कक्षा 12वीं की परीक्षा 17 फरवरी से 9 अप्रैल, 2026 तक आयोजित होने की संभावना है।

सीबीएसई परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने बताया कि सामान्य दिशानिर्देश के अनुसार उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन प्रत्येक विषय की परीक्षा के लगभग 10 दिन बाद शुरू होगा और 12 दिन के भीतर पूरा किया जाएगा। उदाहरण के लिए, यदि कक्षा 12वीं की फिजिक्स परीक्षा 20 फरवरी, 2026 को होगी, तो मूल्यांकन 3 मार्च, 2026 से शुरू होकर 15 मार्च, 2026 तक पूरा होगा।

दूसरी परीक्षा में छात्रों को साइंस, मैथमेटिक्स, सोशल साइंस और लैंग्वेजेस में से किसी भी 3 विषयों में अपनी परफॉर्मेंस सुधारने की अनुमति होगी। विंटर बाउंड स्कूलों (सर्दियों में बंद रहने वाले स्कूल) के छात्रों को दोनों परीक्षाओं में से किसी भी परीक्षा में बैठने की अनुमति होगी। यदि कोई छात्र पहली परीक्षा में 3 या अधिक विषयों में शामिल नहीं हुआ, तो उसे दूसरी परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं होगी। पड़ोसियों की लड़ाई खत्म करने के लिए दिल्ली हाई कोर्ट का अनोखा आदेश, कहा- 'बच्चों को पिज्जा और छाछ बांटें' उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन प्रत्येक विषय की परीक्षा के लगभग 10 दिन बाद शुरू होगा और 12 दिन के भीतर पूरा किया जाएगा। उदाहरण के लिए, कक्षा 12वीं की फिजिक्स परीक्षा 20 फरवरी, 2026 को होगी, तो मूल्यांकन 3 मार्च से 15 मार्च, 2026 तक पूरा होगा। यह नियम 2025-26 सत्र से लागू होगा। इसका मतलब है कि 2026 में बोर्ड परीक्षा 2 बार आयोजित की जाएगी।

यह ड्राफ्ट अगस्त 2024 में तैयार किया गया था। उस समय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा था कि जिस तरह छात्रों के पास जेईई (इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रवेश के लिए) साल में दो बार देने का विकल्प होता है, उसी तरह 10वीं के छात्र भी साल में दो बार बोर्ड परीक्षा दे सकेंगे। यह नियम 2025-26 सत्र से लागू होगा। इसका मतलब है कि 2026 में बोर्ड परीक्षा 2 बार आयोजित की जाएगी। सूत्रों के अनुसार, मिनिस्ट्री ऑफ एजुकेशन ने 19 फरवरी 2025 को सीबीएसई बोर्ड सचिव और अन्य शिक्षाविदों के साथ बैठक की। इस बैठक में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सीबीएसई, एनसीईआरटी, केवीएस, एनवीएस और कई स्कूल अधिकारियों के साथ साल में दो बार बोर्ड परीक्षा कराने पर चर्चा की। बैठक के बाद यह निर्णय लिया गया कि कक्षा 10वीं के छात्र 2025-26 सत्र से साल में दो बार बोर्ड परीक्षा दे सकेंगे। इस व्यवस्था से छात्रों को अपने प्रदर्शन को सुधारने का अवसर मिलेगा, जैसा कि इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई में दो बार देने का विकल्प होता है। सीबीएसई ने इस संदर्भ में कहा है कि पहली परीक्षा और ऑप्शनल दूसरी परीक्षा में छात्रों के परिणामों के आधार पर फाइनल मार्किंग तय की जाएगी।

## ऑयल फैक्ट्री में लगी भीषण आग



इलाके में मची अफरा-तफरी

**रायपुर/धरसीवा,** 25 सितंबर (हाईवे चैनल)। सिलतरा औद्योगिक क्षेत्र के फेस वन में स्थित टायर जलाकर ऑयल बनाने वाली फैक्ट्री में भीषण आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई है। करीब आधा दर्जन दमकल की गाड़ी आग बुझाने में लगी है, लेकिन आग बार-बार भड़कती जा रही है। इसके चलते आसमान में दो-तीन किलोमीटर तक धुंआ ही धुंआ नजर आ रहा है।

खास बात यह है कि इसी फैक्ट्री के पीछे सड़क के दूसरी ओर कुछ ही दूरी पर आईओसी का वाटलिंग रिफिलिंग प्लांट भी है, जहां घरेलू और कामर्शियल सिलेंडरों में गैस रिफिल होती है। कैप्सूल टैंकरों से गैस यहां आती है। बावजूद इसके आखिर कैसे टायर जलाकर ऑयल बनाने वाली फैक्ट्री को यहां अनुमति मिली है, यह समझ से परे है। फैक्ट्री में काम करने वाले श्रमिकों के मुताबिक फैक्ट्री में सुबह आग लगी है। फैक्ट्री में आग बुझाने फायर सिस्टम नहीं है। पानी से आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन नहीं बुझी। वहीं दूसरी ओर इस क्षेत्र में टायर जलाकर ऑयल बनाने वाली करीब आधा दर्जन फैक्ट्रियों के कारण लोगों का सांस लेना भी मुश्किल है, क्योंकि टायर जलाकर ऑयल बनाने के दौरान आसपास के दर्जनभर गांवों तक इसकी दुर्गंध से लोग परेशान हैं।

### ब्रेकिंग न्यूज

#### पीएम मोदी ने ग्रेटर नोएडा में इंटरनेशनल ट्रेड शो का किया शुभारंभ

**नई दिल्ली,** 25 सितम्बर (न्यूज चैनल)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो मार्ट में उत्तर प्रदेश अंतर्राष्ट्रीय व्यापार शो का उद्घाटन किया। इस अवसर पर बोलते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वैश्विक उथल-पुथल और अनिश्चितताओं के बावजूद भारत का विकास आकर्षक बना हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार 'मेक इन इंडिया' पहल के लिए कड़ी मेहनत कर रही है और चिप से लेकर शिपिंग तक, देश में ही निर्माण की योजना बना रही है। इस बात पर ज़ोर देते हुए कि 2,250 से ज़्यादा प्रदर्शक अपने उत्पादों और सेवाओं का प्रदर्शन कर रहे हैं, प्रधानमंत्री ने कहा कि रूस इस व्यापार शो का कंट्री पार्टनर है, जो समय की कसौटी पर खरी उतरी इस साझेदारी को और मज़बूत करता है। वैश्विक व्यवधानों और अनिश्चितताओं के बावजूद, भारत की वृद्धि आकर्षक है। व्यवधान हमें बाधित नहीं करते, बल्कि उन परिस्थितियों में भी, हम नई दिशाएँ तलाशते हैं। इन सभी व्यवधानों के बीच, भारत आने वाले दशकों के लिए अपनी नींव मज़बूत कर रहा है। हमारा संकल्प और मंत्र है आत्मनिर्भर भारत। दूसरों पर निर्भर रहने से ज़्यादा लाचारी और कुछ नहीं हो सकती। कोई देश जितना ज़्यादा दूसरों पर निर्भर रहेगा, उसकी वृद्धि उतनी ही प्रभावित होगी।

#### बिहार विधानसभा चुनाव की घोषणा 6 अक्टूबर के बाद

**नई दिल्ली,** 25 सितम्बर (न्यूज चैनल)। भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने बिहार के मुख्य सचिव और वरिष्ठ अधिकारियों को 6 अक्टूबर (सोमवार) तक सरकारी अधिकारियों के सभी स्थानांतरण और नियुक्ति प्रक्रियाएँ पूरी करने का निर्देश दिया है। यह कदम चुनावों की औपचारिक घोषणा से पहले निष्पक्ष और निष्पक्ष माहौल सुनिश्चित करने के लिए एक मानक प्रोटोकॉल है। सूत्रों ने पुष्टि की है कि स्थानांतरण-पोस्टिंग की प्रक्रिया पूरी होने के बाद, मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिए बिहार का दौरा करेंगे। इस दौरे से चुनाव कार्यक्रम की आधिकारिक घोषणा का मार्ग प्रशस्त होने की उम्मीद है। ऐसी अटकलें लगाई जा रही हैं कि बिहार विधानसभा चुनावों की औपचारिक घोषणा 6 अक्टूबर के तुरंत बाद की जाएगी। तारीखों की घोषणा होते ही, राज्य भर में आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) तत्काल प्रभाव से लागू हो जाएगी,

## अनियंत्रित बस पलटी, 3 वर्षीय बच्ची की मौत, कई यात्री घायल



धमतरी-नगरी मार्ग पर चलने वाली डी आर डी बस खड़ादाह केरेगांव के पास हुई दुर्घटनाग्रस्त

**धमतरी,** 25 सितम्बर (हाईवे चैनल)। एक यात्री बस अनियंत्रित होकर पलट गई जिससे बस मे सवार एक तीन वर्षीय बच्ची की मौत हो गई वंही कई लोग घायल हो गए।

मिली जानकारी के् अनुसार धमतरी से नगरी जा रही डी आर डी कंपनी की बस क्रमांक सीजी 04 ई 2872 के्रेगाँव खड़ादाह के् पास अनियंत्रित होकर पलट गई. बताया जा रहा है कि इस दौरान बस मे कई यात्री सवार थे. इन्हे मे एक तीन वर्षीय मासूम बच्ची की मौत हो गई. जबकि कई लोग घायल हो गए है. सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची एम्बुलेंस को बुलाया गया जिसके माध्यम से घायलों व मृत बच्ची को अस्पताल पहुँचाया गया. जहां उनका उपचार जारी है।

## टीआई ने पीड़ित और आरोपी दोनों पक्ष से लिया रिश्वत, लाइन अटैच की कार्रवाई




**बिलासपुर,** 25 सितंबर (हाईवे चैनल)। तखतपुर थाना प्रभारी का बड़ा कारनामा सामने आया है. उसने रिपोर्ट दर्ज करने पहले महिला से 30 हजार रुपए वसूले फिर दूसरी ओर आरोपी को मुचलके पर छोड़ने के एवज में 20 हजार रुपए की उगाही कर ली. मामले की जानकारी होने पर एसएसपी रजनेश सिंह ने टीआई को तत्काल प्रभाव से लाइन अटैच कर दिया है. तखतपुर क्षेत्र की रहने वाली एक महिला छेड़छाड़ और लूट की रिपोर्ट दर्ज कराने थाने पहुंची थी. पहले महिला की रिपोर्ट दर्ज करने से टीआई आनाकानी करता रहा, फिर तीस हजार रुपए की मांग की. इस पर पीड़िता ने 10 हजार रुपए उसे दिया और रिपोर्ट दर्ज होने के बाद बाकी रकम देने की बात कही. इस मामले में टीआई ने एक आरोपी को पकड़ा और उसके खिलाफ लूट की धारा न लगाने 20 हजार रुपए लिया और उसे मुचलके पर छोड़ दिया. इस घटना की शिकायत पीड़ित महिला और उसके पति ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से की. इस पर नाराज एसएसपी ने टीआई को जमकर फटकारा और वसूली की रकम महिला को दिलवाई. इसके साथ ही टीआई अनिल अग्रवाल को लाइन अटैच करते हुए उसके स्थान पर विवेक पांडेय को तखतपुर थाना प्रभारी बनाया गया है।

## बीच सड़क पर युवक ने मचाया आतंक पुलिसकर्मी पर डंडे से किया हमला



**डोंगरगढ़,** 25 सितम्बर (हाईवे चैनल)। नवरात्र के दौरान डोंगरगढ़ के मां बमलेश्वरी मंदिर के पास चंद्रगिरि चौक पर एक युवक ने अचानक पुलिसकर्मी पर डंडे से हमला कर दिया। घटना में पुलिस जवान घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए तत्काल अस्पताल ले जाया गया। इस घटना का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

जानकारी के अनुसार, युवक पहले गुरुद्वारा पार्किंग में विवाद कर रहा था। पार्किंग कर्मियों ने समझाकर उसे बाहर निकाला, लेकिन उसने उनके साथ हाथापाई करने की कोशिश की। इसके बाद पार्किंग कर्मचारियों ने मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी को सूचना दी। पुलिस ने युवक को पेट्रोलिंग गाड़ी से थाने भेज दिया, लेकिन कुछ देर बाद वह फिर वहां पहुंचा और अचानक डंडे से पुलिसकर्मी पर हमला कर दिया। स्थानीय लोगों और पुलिसकर्मियों ने मिलकर आरोपी युवक को पकड़ा। पूरी घटना का छ्रछ्रञ्ज्ख् फुटेज भी सामने आया है, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस मामले में डोंगरगढ़ थाना प्रभारी उपेंद्र शाह ने बताया कि आरोपी युवक मानसिक रूप से विक्षिप्त है। उसे उसके परिजनों को सौंप दिया गया है। वहीं घायल पुलिस जवान का इलाज करवा लिया गया है और अब वह पूरी तरह स्वस्थ है।

## सुरक्षाकर्मी की हत्या मामले में आरोपियों को आजीवन कारावास

**खैरागढ़,** 25 सितम्बर (हाईवे चैनल)। जिले के मानपुर थाना गंडई के परिवहन चेकपोस्ट पर ड्यूटी कर रहे सुरक्षाकर्मी चिरजिवेन्द्र नेताम की हत्या के मामले में न्यायालय ने दोनों आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। अपर सत्र न्यायाधीश मोहिनी कंवर ने यह फैसला सुनाते हुए कहा कि सुरक्षाकर्मियों और लोक सेवकों पर हमला किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है।



पूरा मामला 10 मार्च 2023 की रात का है। रात करीब 11 बजे आरोपी ज्वाला उर्फ फतेह यदु (30 वर्ष) बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 10 एफ 6921 से मानपुर चेकपोस्ट पहुंचा और वहां ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों से गाली-गलौज व अभद्रता करने लगा। मना करने पर वह धमकी देकर वहां से चला गया। कुछ देर बाद वह अपने साथी केवल साहू (25 वर्ष) के साथ लौटा और जान से मारने की नीयत से बोलेरो को रिवर्स कर सुरक्षाकर्मी चिरजिवेन्द्र नेताम को टक्कर मार दी। टक्कर से गंभीर रूप से घायल नेताम ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

घटना के बाद तत्कालीन थाना प्रभारी अनिल शर्मा ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को बोलेरो वाहन सहित गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा था। शुरू में मामला हत्या के प्रयास समेत विभिन्न धाराओं में दर्ज हुआ था, लेकिन चिरजिवेन्द्र की मौत के बाद इसे हत्या की धारा 302 में परिवर्तित किया गया।

मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से अतिरिक्त शासकीय अभिभाषक ज्ञान दास बंजारे ने सशक्त पैरवी की। उपलब्ध साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर न्यायालय ने दोनों आरोपियों ज्वाला उर्फ फतेह यदु और केवल साहू को धारा 302 भादवि के तहत आजीवन सश्रम कारावास और पांच हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। साथ ही धारा 186, 294, 506(बी) और 323 भादवि के अंतर्गत भी उन्हें कारावास एवं अर्थदंड की सजा सुनाई गई। यह फैसला न केवल सुरक्षाकर्मी की हत्या के प्रकरण में न्याय सुनिश्चित करता है, बल्कि यह भी स्पष्ट संदेश देता है कि कानून के खिलाफ जाने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

## अच्छी बारिश का असर : गंगरेल बांध में हो रही है 14 हजार क्यूसेक से अधिक की आवक



- बांध के गेट नम्बर 7 व 8 से छोड़ा जा रहा 4450 क्यूसेक पानी
- बांध में है 86 प्रतिशत, कुल 28.77 टीएमसी जलभराव

**धमतरी** 25 सितम्बर (हाईवे चैनल)। इस बार मानसून बेहतर होने के कारण गंगरेल बांध काफी पहले लबालब हो चुका है। बांध से लगातार पानी छोड़ा जा रहा है। बीते 24 घंटे में हुई बारिश से बांध में पानी की आवक बढ़ी रही है। जिससे जावक भी बढ़ाया गया है।

गंगरेल बांध कंट्रोल रुम से मिली जानकारी के अनुसार दोपहर 12 बजे की स्थिति में बांध में 14180 क्यूसेक पानी की आवक प्रतिसेकण्ड हो रही थी। इसमें लगभग 3 हजार क्यूसेक पानी माडमसिल्ली बांध से गंगरेल बांध में पहुंच रहा है। वहीं बांध से 4450 क्यूसेक पानी बांध के दो गेट 7 और 8 से छोड़ा जा रहा है। जिसमें 2600 क्यूसेक पानी रेडियल गेट से 1650 क्यूसेक पानी पेन स्टाक के माध्यम से व भिलाई एचआर केनाल के लिए 200 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। बांध की कुल जल भराव क्षमता 32.150 टीएमसी है। वर्तमान में बांध में कुल 28.770 टीएमसी जल भराव है जिसमें उपयोगी पानी 23.399 टीएमसी है। जो कि जल भराव का कुल 85.77 प्रतिशत है। बांध के कैचमेंट एरिया में आज 79 एमएम वर्षा दर्ज की गई है।

### नवरात्र व लबालब बांध के चलते बढ़ी भीड़

मां अंगारमोती मंदिर के किनारे गंगरेल बांध स्थित है। वर्तमान में नवरात्र पर्व जारी है ऐसे में मां अंगारमोती के द्वार पर भक्तों का तांता लगा हुआ है। वहीं गंगरेल बांध लबालब होने से बांध की खूबसूरती में चारचांद लग गया है। ऐसे में गंगरेल में पर्यटकों को संख्या बढ़ी है।


### देवेंद्र फडणवीस ने कर दिया बड़ा खुलासा

## मैं 5 साल मुख्यमंत्री रहूंगा

**नई दिल्ली,** 25 सितम्बर (न्यूज चैनल)। भारतीय जनता पार्टी के नए अध्यक्ष का फैसला अभी तक नहीं हो पाया है। जेपी नड्डा की जगह कौन भगवा पार्टी की कमान संभालेगा इसको लेकर तमाम तरह की अटकलें समय समय पर चलती रहती है। इसमें महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नाम की चर्चा भी होती रहती है। लेकिन अब एक निजी मीडिया के कार्यक्रम में खुद महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री ने इस पर अपनी चुप्पी तोड़ी है। मोहन भागवत के बीजेपी अध्यक्ष के चुनाव में देरी से लेकर भावी अध्यक्ष के रूप में उनकी दावेदारी तक के मुद्दों पर फडणवीस ने अपनी राय रखी है। देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि वे पांच साल तक मुख्यमंत्री रहेंगे और महाराष्ट्र छोड़कर कहीं नहीं जा रहे।



भाजपा की अध्यक्ष चुनने की अपनी प्रक्रिया है। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के इस बयान पर कि अगर भाजपा अध्यक्ष का चुनाव संघ कर रहा होता, तो इसमें ज़्यादा समय नहीं लगता, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि इस टिप्पणी से यह भी पता चलता है कि ये फ़ैसले भाजपा द्वारा लिए जाते हैं। आरएसएस प्रमुख के जवाब से संकेत मिलता है कि ये फ़ैसले हम नहीं लेते, बल्कि पार्टी द्वारा लिए जाते हैं। फडणवीस ने कहा कि भाजपा अध्यक्ष का चुनाव सही समय पर होगा। इसमें कोई समस्या नहीं है। फडणवीस ने यह भी आश्वासन दिया कि जब भाजपा अध्यक्ष के बारे में फैसला करने की बात आएगी, तो पार्टी सही समय पर सही फैसला लेगी। उन्होंने आगे कहा कि मैं इसका जवाब देने में सक्षम नहीं हूँ क्योंकि मैं उस समिति का हिस्सा नहीं हूँ जो भाजपा अध्यक्ष चुनाव पर फैसला लेती है। अपने अगले राष्ट्रीय अध्यक्ष की तलाश में जुटी भाजपा अभी तक किसी नाम पर अंतिम रूप से मुहर नहीं लगा पाई है। आलोचकों का अनुमान है कि इसमें आरएसएस की भूमिका हो सकती है और




चूहा- सुनती हो, गौतम अडानी भारत के सबसे अमीर शख्स बनने के करीब हैं।

चुहिया- हां जी, भारत के सबसे गरीब शख्स कौन है इसे भी तो बताना चाहिए..!

CMYK